## स्पीड न्यूज

### लोहड़ा हनुमंत पूजा में उमड़े श्रद्धालु

**पड़वा, पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के लोहड़ा नवयुवक संघ के नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ सह दुर्गा पूजा की पूर्व संध्या पर बुधवार की शाम हनुमंत पूजा की गयी। वाराणसी से आये विद्वान पंडित शिवांश दुबे ने विधिवत तरीके से हनुमंत पूजन कराया। जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मालूम हो कि पिछले पांच दशकों से लोहड़ा में नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ सह दुर्गा पूजा किया जाता रहा है। गुरुवार से दिन में रामचरित मानस का पाठ एवं रात्रि में धार्मिक सीरियल दिखाया जायेगा। मौके पर रामलखन मिश्रा, श्रीकांत मिश्रा, कुलदीप मिश्रा, कृष्णानंद तिवारी, सुरेश पांडेय, पारसनाथ मिश्रा, सुमंत मिश्रा, रमेश मिश्रा, विजय मिश्रा, जितेन्द्र मिश्रा, मुरारी मिश्रा, अभय मिश्रा, रूपेश तिवारी, बसंत मिश्रा, जयनाथ तिवारी, बिनोद मेहता, मनबोध मिश्रा, संजय मिश्रा व कई लोग मौजूद थे।

### सड़क मरम्मत की मांग को लेकर प्रदर्शन



**हरिहरगंज पलामू।** शहरी क्षेत्र में जर्जर एनएच 139 मरम्मत की मांग को लेकर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष समाजसेवी राजीव रंजन के नेतृत्व में बुधवार को पुरानी बस स्टैंड के समीप लोगों ने प्रदर्शन किया। राजीव ने कहा कि जर्जर सड़क और उड़ती धूल से जीना मुहाल हो गया है। व्यवसाय पर इसका बुरा असर पड़ रहा है। मौसम अनुकूल रहने पर 24 घंटें के अंदर जर्जर सड़क की मरम्मत कर कालीकरण नहीं किया जाता है, तो सड़क जाम कर बड़े वाहनों का परिचालन रोका जायेगा। प्रदर्शन करने वालों में संजय जायसवाल, विश्वदीप कुमार, मो. डायमंड, मृत्युंजय सिंह, पूर्व मुखिया अवधेश मेहता, विजय प्रजापति, सुनील प्रसाद, सोनू, पवन यादव आदि थे।

### मृतका के पति सहित छह पर हत्या का केस

**हरिहरगंज पलामू।** नबीनगर थाना क्षेत्र के तेंदुआ भुसौली के दूधेश्वर प्रसाद ने बेटी मिंकी की हत्या का आरोप लगाते हुए हरिहरगंज थाना में शहर के मेन रोड निवासी पति सौरभ कुमार, ससुर सूर्यदेव साव, सास मुनि देवी, जेठ प्रफुल प्रसाद, जेठानी संध्या देवी, देवर मैक्स कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। जिसमें आरोपियों ने उनकी बेटी को रस्सी से गला दबा कर हत्या करने की बात कही है। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि इस मामले में 136/2024 दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### फरार अभियुक्तों के घर चिपकाया इश्तेहार



**हुसैनाबाद पलामू।** देवरी ओपी के प्राथमिकी अभियुक्त अंकित सिंह उर्फ नीतीश (22) पिता ललु सिंह साकिन सुल्तानी थाना हरिहरगंज जिला पलामू के घर पर हरिहरगंज थाना के सहयोग से स्थानीय मुखिया विनय कुमार सिंह और उपस्थित ग्रामीण के समक्ष अभियुक्त के घर पर विधिवत इस्तेहार चिपकाया गया। अभियुक्त को न्यायालय में आत्मसमर्पण हेतु कहा गया।

### बाजार की सफाई के लिए वाहन मिला



**मोहम्मदगंज पलामू।** प्रखंड में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती स्वच्छता दिवस के रूप में मनायी गयी। बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी ने राष्ट्रपिता की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। बीडीओ ने मोहम्मदगंज बाजार क्षेत्र में साफ सफाई की व्यवस्था के लिए कूड़ा कचरा संग्रह वाहन को मोहम्मदगंज दुकानदार संघ को प्रदान किया। बीडीओ और सीओ रणवीर कुमार व संघ के अध्यक्ष मनोज सिंह ने वाहन को हरी झंडी दिखाकर सफाई कार्य के लिए रवाना किया। मौके पर पंचायत सचिव अविनाश कुमार, नीरज अग्रवाल, कमलेश मेहता, राकेश सिंह, विजय कुमार, चंदन कुमार, भरत मेहता, दिनेश मेहता, शशि मेहता, धर्मेंद्र गुप्ता थे।

### गांधी और शास्त्री जयंती मनायी गयी



**सतबरवा, पलामू।** समाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा के पोंची स्थित आवास पर बुधवार को महात्मा गांधी की 155वीं तथा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न से सम्मानित लालबहादुर शास्त्री जी का 120वीं जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा ने कहा कि इन दोनों महापुरुषों के बताये मार्ग पर चलने की जरूरत है। मौके पर मनीष कुमार, पंसस अशोक राम, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष पप्पु सिंह उर्फ ज्योति सिंह, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रीति गुप्ता, उदय सिंह, आरती सिन्हा, रंजु देती मौजूद थे।

### देवरी ओपी में शांति समिति की बैठक



**हुसैनाबाद पलामू।** दुर्गा पूजा को लेकर अंचल के सोनवर्ती देवरी ओपी परिसर में प्रशासन ने बैठक की। जिसकी अध्यक्षता सीओ पंकज कुमार और संचालन देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार ने किया। बैठक में प्रशासन ने आम जनता से शांति पूर्वक पर्व को मनाने व प्रशासन को अपेक्षित सहयोग करने की अपील किया। सीओ और ओपी प्रभारी ने कहा कि दुर्गा पूजा व शारदीय नवरात्र में देवी शक्ति का पूजा होता हैं हम सभी को मिल जुल कर एकता व अखंडता की शक्ति का परिचय देना है। मौके पर हुसैनाबाद उत्तरी जिप राजू मेहता ने भी लोगों से शांति की अपील की।

### अतिक्रमण से खुझा नदी में अंतिम संस्कार के लिए भी नहीं बची जगह



**पांडू पलामू।** प्रखंड के ग्राम पंचायत डाला कला व ढाचाबार के बीच स्थित खूझा नदी का अस्तित्व खतरे में है। स्थानीय लोग अतिक्रमण कर लिये हैं। डाला कला व फुलिया पंचायत के दर्जनों गांव के लोग अंतिम संस्कार करने खुझा नदी के तट पर आते हैं, लेकिन नदी क्षेत्र का अतिक्रमण हो जाने से दाहसंस्कार करने में लोगों को परेशानी होने लगी है। इस समस्या को लेकर आम लोग परेशान हैं। वहीं लोगों ने कहा कि अतिक्रमण किए लोगों ने नदी क्षेत्र का अतिक्रमण कर खेत बना दिए हैं और कुछ एरिया में पेड़-पौधे के अलावे बांस लगा दिये हैं। इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने प्रमुख व डाला कला पंचायत के मुखिया को जानकारी दी है।

# नगर परिषद विश्रामपुर के स्वच्छता पखवाड़ा का हुआ समापन, सफाई मित्र हुए सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



स्वच्छता पखवाड़ा के मौके पर स्वच्छता की शपथ लेते लोग।

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर नगर परिषद ने पिछले पंद्रह दिनों से चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा का समापन गांधी जयंती पर किया गया। अहले सुबह स्वच्छता अभियान चलाया गया। लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वच्छता रैली भी निकाली गई। मुख्य कार्यक्रम गांधी चौक के पास आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नप अधिकारियों, नप प्रतिनिधियों व स्थानीय गण्यमान लोगों ने गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर के किया। उसके बाद लोगों ने स्वच्छता की शपथ ली।

कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता पखवाड़ा के तहत विभिन्न स्कूलों में आयोजित स्वच्छता प्रतियोगिता के विजयी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा सफाई मित्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडैत व संचालन नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम ने किया।

मौके पर सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर मो सत्तार खलीफा उर्फ पेंटर जिलानी, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी, बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, एनामुल हक गुड्डु, सिटी मैनेजर प्रभात कुमार, सुबोध केशरी, दीपक चंद्रवंशी, रवि कुमार, विजय कुमार रवि, मजमुदिन अंसारी, राजेश प्रसाद, आनंद कुमार, संदीप कुमार, रमेश कुमार, प्रवीण कुमार, कमलेश चौधरी सहित कई लोग मौजूद थे।

# विधायक के खिलाफ अफवाह फैलाने पर दर्ज होगा मानहानि का मुकदमा : इदरीश हवारी

- विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के समर्थन में उतरे भाजपा नेता, अभिमन्यु सिंह पर किया पलटवार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य इदरीश हवारी ने कहा कि विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने अपने कार्यकाल में विश्रामपुर विस क्षेत्र का चहुंमुखी विकास किया है। क्षेत्र का हर विकास योजना इन्हीं के द्वारा धरातल पर उतारा गया है। क्षेत्र का विकास और विधायक की लोकप्रियता देखकर विरोधी हताश और निराश हैं। इसी हताशा में अनर्गल आरोप लगाते हुए अफवाह फैला रहे हैं।



प्रेस कांफ्रेंस में शामिल भाजपा नेता।

**खास बातें :** विधायक के खिलाफ अफवाह फैलाना बंद नहीं किया गया तो मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया जायेगा। श्री हवारी विश्रामपुर आरसीयू के गेस्ट हाउस में भाजपा द्वारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। भाजपा नेताओं ने राजनेता अभिमन्यु सिंह पर पलटवार कर उनके द्वारा खड़े किए गए सभी सवालों का जवाब देने का प्रयास किया। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम ने कहा कि क्षेत्र में कुल 22 योजनाएं स्वीकृत हुई हैं, जिनका शिलान्यास विधायक द्वारा किया जा रहा है। अभी कई और योजनाओं का शिलान्यास होना है। विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय ने कहा कि सभी योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति मिली हुई है। राशि भी आवंटित हो चुकी है फिर शिलान्यास क्यों नहीं होगा। योजनाओं पर सवाल खड़ा करना विकास विरोधी चरित्र को दर्शाता है। श्री पांडेय ने प्रशासनिक स्वीकृति और आवंटित राशि का दस्तावेज भी पत्रकारों को दिखलाया। मौके पर वरीय भाजपा नेता शिवबंश मिश्रा, पार्षद सुनील चौधरी, विजय रवि, विकाश चंद्रवंशी, संतोष राम, शंकर चंद्रवंशी, दामोदर यादव, उदेश्वर यादव, संजय ठाकुर, सच्चिदानंद मेहता, राजेंद्र गुप्ता सहित कई भाजपा नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

### हुसैनाबाद में राष्ट्रपिता बापू व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनी

# अहिंसा के मार्ग से ही समाज को जगाना संभव है : शशी कुमार

- कई राजनीतिक गणमान्य लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी जयंती मनाया गया। शहर के हृदय स्थल गांधी चौक पर लगी प्रतिमा पर सुबह से ही विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक चेतना के लोगो ने बापू के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर इन महापुरुषों को श्रद्धासुमन अर्पित किया।



राष्ट्रपिता और शास्त्रीजी को नमन करते लोग।

सबसे पहले पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार के साथ कई गणमान्य व्यक्तियों ने माल्यार्पण किया। तत्पश्चात पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव के विश्वा पूर्व उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी, युवा राजद नेता रवि यादव, भाजपा नेता अजय प्रसाद गुप्ता, श्रवण अग्रवाल समेत दर्जनों लोगों ने गांधी जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की।

शशी कुमार ने कहा कि बापू ने पूरे दुनिया को अहिंसा का पाठ पढ़ाया जिसके बल पर वे पूरे विश्व के लिए आदर्श हैं। इससे यही जाहिर होता हैं अहिंसा से समाज सही दिशा में लाया जा सकता हैं। देश की आजादी में बापू के अहम योगदान था, जिनके कारण सैकड़ो हजारों लोगों ने अपना हृदय परिवर्तन कर स्वतंत्रता संग्राम में हिस्सा लिया। हमारे पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का देश के प्रगतिशील बनाने में अहम योगदान रहा है जिन्होंने देश सेना व समाज के हित कठोर निर्णय लिया था।

# अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस और गांधी शास्त्री जयंती पर हुए कई कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गांधी जयंती पर अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अंतर्गत बालिकाओं के भविष्य की दृष्टि थीम पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राज्य दिशा-निर्देशों के अनुसार हुआ जिसमें जिला समाज कल्याण अधिकारी नीता चौहान ने नेतृत्व किया। उनके साथ यूनिसेफ पलामू से डॉ तबरेज, केडी पासवान (प्रोटेक्शन ऑफिसर), प्रकाश पासवान (डीसीपीओ), प्रणव, धीरेंद्र (सीडब्ल्यूसी सदस्य) और अन्य गणमान्य अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन उपायुक्त शशि रंजन के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें मुख्य आकर्षण स्वच्छता ही सेवा अभियान रहा।



बालिका दिवस पर पौधरोपण करते अतिथि व उपस्थित अन्य।

**खास बातें :** इस अभियान का उद्देश्य निरीक्षण गृह, बाल गृह और बालिका गृह के निवासियों को स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। अधिकारियों ने खुद स्वच्छता गतिविधियों में भाग लिया और सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश दिया। इसके बाद सतत स्वच्छता, मानसिक स्वास्थ्य और अनुशासन पर विशेष सत्र आयोजित किये गये, जिनका मकसद बच्चों के सर्वांगीण विकास और पुनर्वास को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर बाल गृह और बालिका गृह के बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने वाली पहल एक पेड़ बालिका के नाम और एक पेड़ मां के नाम को भी विशेष रूप से सराहा गया, जिसका उद्देश्य बालिकाओं के सशक्तिकरण और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। जिला समाज कल्याण अधिकारी नीता चौहान ने गांधी जयंती और बालिका दिवस की संयुक्त महत्ता पर जोर देते हुए सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। मौके पर उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों ने कार्यक्रम की सराहना की और सामूहिक रूप से इसे सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

### पंडवा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने मनायी गांधी जयंती



**पाटन पलामू।** महात्मा गांधी का 155वां जन्म दिवस छतरपुर विधानसभा के पड़वा प्रखंड कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष सुनील पासवान के नेतृत्व में मनाया गया। यहां पर दलित कांग्रेस अध्यक्ष अशोक पासवान ने लोगों को संबोधित करते हुए लोगों से महात्मा गांधी के आदर्शों पर चलने की अपील की। मौके पर मजदूर कांग्रेस अध्यक्ष अनिल सिंह, अधिवक्ता निशा पासवान, मोहम्मद आबिद राजा, बाबूलाल मेहता, राकेश कुमार, चिंता देवी, देवेंद्र मेहता, गुड्डू उपस्थित थे।

### सिविल सर्जन ने स्वास्थ्य उपकेंद्र का किया निरीक्षण



**सतबरवा पलामू।** पलामू सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने बुधवार को सतबरवा स्वास्थ्य उप केंद्र का औचक निरीक्षण किया। सिविल सर्जन ने गांधी जयंती पर सिकल सेल एनिमिया जांच का निरीक्षण किया तथा ओपीडी में अपने से चार पांच मरीजों की स्वास्थ्य जांच भी की। वहीं स्वास्थ्य उपकेंद्र की स्थिति का भी जायजा लिया। मौके पर डॉ सुमित, डॉ कविता, डॉ जयराम, एएनएम कांति भारती, प्रखंड डाटा मैनेजर सुबोध सिंह, प्रखंड लेखा प्रबंधक राजीव रंजन सिंह, अखिलेश पाठक नवीन उपाध्याय व अन्य कर्मी मौजूद थे।

### ओबीसी एकता अधिकार मंच ने दिया एकता का संदेश



**विश्रामपुर (पलामू)।** ओबीसी एकता अधिकार मंच के कार्यकर्ताओं द्वारा गांधी जयंती पर उनके कार्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान महात्मा गांधी के आदर्शों को याद करते हुए राष्ट्रीय एकता और समानता का संदेश दिया गया। मंच के कार्यकर्ताओं ने कहा कि गांधी जी ने अहिंसा और सत्य के मार्ग पर चलकर देश को स्वतंत्रता दिलायी। हमें उनके सिद्धांतों पर चलते हुए समाज में समानता और न्याय के लिए संघर्ष करना चाहिए। गांधी जी ने जिस समाज की कल्पना की थी, उसमें सभी जातियों, वर्गों और समुदायों को बराबरी का अधिकार होना चाहिए। ओबीसी, एससी, एसटी, और पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रहेगा, ताकि समाज में किसी भी वर्ग के साथ अन्याय न हो। इस कार्यक्रम में जितेंद्र कुमार, अशोक गुप्ता, धीरज कुमार, निजामुद्दीन, सूरज कुमार, पीयूष कुमार, सुचित कुमार, विजय विश्वकर्मा, उपेंद्र राम, अवधेश राम, आकाश कुमार, विशाल कुमार थे।

# एनीमियाग्रस्त लोगों के इलाज के लिए जांच जरूरी : सिविल सर्जन डॉ अनिल

- सिविल सर्जन ने कई केंद्रों का औचक निरीक्षण कर सीकल सेल एनीमिया जांच की जानकारी ली
- जिले में दो लाख बीस हजार के विरूद्ध एक लाख तीस हजार लोगों की जांच की जा चुकी है

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में सीकल सेल एनीमिया की जांच कैंप लगाकर स्वास्थ्य केंद्रों एवं सरकारी विद्यालयों में की जा रही है। जिले में दो लाख बीस हजार लोगों का जांच का लक्ष्य है जिसमें एक लाख तीस हजार लोगों की जांच हो चुकी है। डॉ अनिल कुमार सिंह ने सतबरवा उप स्वास्थ्य केंद्र सह आयुष्मान आरोग्य मंदिर का औचक निरीक्षण किया। जहां पर पाया कि छूट्टी रहने के बावजूद भी स्वास्थ्यकर्मी पूरी तन्मयता के साथ जांच करने व ग्रामीणों के इलाज में लगे थे। इस केंद्र पर मरीजों की अत्यधिक संख्या को देखते हुए



सिविल सर्जन ने कुछेक रोगियों का जांच कर दवा लिखा। उन्होंने उप स्वास्थ्य केंद्र के स्थिति की जानकारी प्राप्त किया। इसके बाद वे सदर प्रखंड के राजकीय मवि चुकरू में लगे कैंप का भी औचक निरीक्षण किया।

# प्राइवेट हॉस्पिटल एसोसिएशन ने बैठक कर डीडीसी को सौंपा ज्ञापन

- चोरी की बेपरवाह बढ़ रही घटनाओं पर यथाशीघ्र रोक लगाने की मांग की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर में बढ़ती चोरी की घटनाओं को लेकर प्राइवेट हॉस्पिटल एसोसिएशन के सदस्यों ने बुधवार को एक आपात बैठक आशी लाइफ केयर हॉस्पिटल में हुई। जहां प्राइवेट हॉस्पिटल एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष तिवारी के घर में हुई चोरी की घटना पर गहरी चिंता जतायी गयी। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शहर में चोरी की घटनाओं पर तत्काल रोक लगाना अत्यावश्यक है। एसोसिएशन के सदस्यों ने इस मामले में ठोस कार्रवाई की मांग कर डीडीसी शब्बीर अहमद से मुलाकात कर ज्ञापन



सौंपा। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने डीडीसी को शहर में हो रही चोरी की जानकारी दी, जिस पर डीडीसी ने उन्हें सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने मौके पर ही एसडीपीओ से बात की और मामले के जांच का निर्देश दिया। एसोसिएशन के सदस्यों ने आने वाले दिनों में जिले के कप्तान से मिलने का संकल्प लिया।

# महापुरुषों के विचारों को आत्मसात करना जरूरी: राजेंद्र सिन्हा

- झामुमो कार्यालय में मनायी गयी महापुरुषों की जयंती

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झामुमो पलामू के स्थानीय जिला कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस मौके पर झामुमो पलामू के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा के नेतृत्व में झामुमो के नेताओं ने राष्ट्रपिता और शास्त्री जी को पुष्प अर्पित किया और याद किया।

श्री सिन्हा ने कहा संपूर्ण विश्व को शांति और अहिंसा के मार्ग पर चलने के लिए



प्रेरित करने वाले महात्मा गांधी जी और शास्त्री जी ओ का जीवन अपने आप में एक आदर्श था। गांधी जी के स्वदेशी, स्वराज के विचार सदियों को प्रेरित करते रहेंगे। इनके विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है।

### सलैया : जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट

**सतबरवा।** थाना क्षेत्र के सलैया गांव में बुधवार को सुबह करीब दस बजे जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। जिसमें दूसरे पक्ष के लोगों ने तेज धारदार हथियार से हमला कर दिया और पिपरा खुर्द गांव निवासी सह मंगरबांध मिडिल स्कूल के सहायक अध्यापक अर्जुन मेहता तथा उसकी पत्नी चमेली देवी गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों को इलाज के लिए डाल्टनगंज के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जिसमें अर्जुन मेहता की स्थिति काफी नाजुक बताई जा रही है।

# क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं को लेकर जिप सदस्य ने की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर पलामू।** पूर्व जिप सदस्य सह भाजपा नेत्री मीना गुप्ता डाल्टनगंज भंडरिया विस क्षेत्र के ग्राम बसरिया, सोकरा, दुलसुलमा, गेनुवा टोला आदि गांवों का सघन दौरा कर क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं को लेकर बैठक की। जिसमें ग्रामीणों ने बिजली, पानी, सड़क जैसी मूलभूत समस्याओं के साथ बेरोजगारी को प्रमुखता से बताया। कहा कि इस क्षेत्र के सोकरा गांव में ग्रेफाइट का माइंस है जो वर्षों



से बंद है। इसमें 80% तक ग्रेफाइट मौजूद है। परंतु आज इसके मजदूर बेरोजगार हैं। उनकी आर्थिक स्थिति काफी खराब है। उनकी समस्या को मैंने भी कई बार राज्य सरकार को संज्ञान में देने का काम किया परंतु सरकार व जनप्रतिनिधि ने इस पर कोई पहल नहीं की।

# गांधी और शास्त्री जयंती पर रोटरी स्कूल चैनपुर विद्यार्थियों ने निकाली स्वच्छता रैली

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री स्व लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी रोटरी स्कूल चैनपुर के छात्र/ छात्राओं ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए एक रैली निकाली। इससे पहले राष्ट्रगान के पश्चात विद्यालय के प्राचार्य, उपप्राचार्य, समन्वयक, काउंसलर, शिक्षक प्रतिनिधि व अन्य शिक्षक/ शिक्षिकाओं के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री स्व लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।



दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते और साफ-सफाई करते लोग।

**खास बातें :** रैली निकालने के पूर्व शिक्षक/ शिक्षिकाओं तथा छात्र/ छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलायी गयी। विद्यालय के प्राचार्य अश्लेश कुमार पांडेय ने झंडी दिखाकर कर रैली को रवाना किया। सभी शिक्षक/ शिक्षिकाएं, छात्र/ छात्राएं विद्यालिय गणवेश में थे। छात्र/छात्राओं के हाथों में स्वच्छता सम्बंधी तख्ती थी और सभी नारे लगा रहे थे। रैली विद्यालय से निकल कर चैनपुर बाजार, पुरनचंद चौक, चैनपुर थाना होते हुए वापस विद्यालय आ गयी। पुरनचंद की प्रतिमा पर विद्यालय प्राचार्य के द्वारा मल्यार्पण भी किया गया। विद्यालय के चैयरमैन रो अनुग्रह नारायण शर्मा ने स्वच्छता के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वास्थ ही धन है। यह जीवन का अभिन्न अंग है। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा किए गए प्रयास की भूरी भूरी प्रशंसा की। विद्यालय के प्राचार्य अश्लेष कुमार पाण्डेय ने कहा कि स्वच्छ भारत महात्मा गांधी का सपना था जिसे साकार करने के लिए भारत के प्रधान मंत्री नरेन्द्र दामोदर दास मोदी जी ने इस अभियान का शुभारंभ 2 अक्टूबर 2014से किया, उस समय से हम प्रतिवर्ष लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए रैली निकालते हैं और विशेष रूप से चैनपुर निवासियों को जागरूक करते है। रैली को सफल बनाने में उपप्राचार्य एस प्रसाद, समन्वयक स्मिता सिंह, काउंसलर पूनम कुमारी, राहुल भारद्वाज, नम्रता पांडेय, रणजीत शर्मा, गौरी शंकर मिश्र, उमाकांत मिश्र, श्याम बिहारी प्रसाद, रामबरून गुप्ता, कमेश मेहता, एस एन पाण्डेय, हर्षबाला, नन्दन कुमार तिवारी, अपराजिता पाण्डेय आदि शिक्षक शिक्षिकाओं तथा चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों की प्रमुख भूमिका रही।

# गांधी जयंती पर लगा विधिक जागरूकता शिविर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में गांधी जयंती के अवसर पर बुधवार को केंद्रीय कारा मेदिनीनगर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने की। संचालन लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने किया। मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने कारा बंदियों से कार्यक्रम का उद्घाटन द्वीप प्रज्वलित कर कराया। मौके पर अर्पित श्रीवास्तव ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चंद सिंह, डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, जेलर प्रमोद कुमार, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के असिस्टेंट वीर विक्रम वक्स राय, पुष्कर राज, उत्तम



विधिक जागरूकता शिविर का उद्घाटन करते अतिथि व उपस्थित अन्य।

कुमार, पीएलभी नीरज कुमार आदि लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बन्दियों को कानून में प्रदत मौलिक अधिकारों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चन्द सिंह, डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने अपने अपने विचार व्यक्त किये। मौके पर असिस्टेंट पुष्कर राज ने भी कैदियों का मिलने वाली विधिक सहायता व सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही लीगल एड डिफेंस काउंसिल के कार्य प्रणाली के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। मौके पर उत्तम कुमार, पीएलबी नीरज कुमार समेत दर्जनों कारा बन्दी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### महात्मा गांधी को डीसी, एसपी सहित जिले के अधिकारियों ने किया नमन



गुमला। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 155 वीं जयंती के अवसर पर गाँधी पार्क स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह, डीडीसी दिलेश्वर महतो, अपर समाहर्ता, एसडीओ सदर, डीसीएलआर गुमला, जिला नजारत उप समाहर्ता, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला खेल पदाधिकारी, और जिला पंचायती राज पदाधिकारी सहित अन्य कई विभागीय पदाधिकारियों ने माल्यार्पण किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सभी उपस्थित अधिकारियों ने महात्मा गांधी के जीवन और कार्यों का स्मरण करते हुए उनके आदर्शों और सिद्धांतों को याद किया। सभी ने उनके विचारों को अपनाने और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

### बापू व शास्त्री को उनके त्याग व बलिदान के लिए करते हैं नमन : दामोदर कसेरा



गुमला। चेम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों के द्वारा महात्मा गाँधी के जयंती पर इंडोर स्टेडियम स्थित उनके आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गयी। 2 अक्टूबर को पूरा देश राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 155 वीं जयंती पर उनके महान विचारों और आजादी में उनके योगदान को याद कर रहा है। चेम्बर अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने कहा की आजादी की लड़ाई में गांधी जी के नेतृत्व में ऐसे कई जन आंदोलन हुए जिन्होंने भारत में ब्रिटिश साम्राज्य की कमर तोड़ कर रख दी। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश चीनी ने कहा की सत्य और अहिंसा पर आधारित बापू के आंदोलनों के चलते अंग्रेजों की भारत पर से पकड़ ढीली होती चली गई। वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा की विदेशों में महात्मा गांधी की मूर्तियां उनकी लोकप्रियता और उनके विचारों को स्वीकार किए जाने जाने का प्रमाण है। मौके पर अमित माहेश्वरी, दिलीप गुप्ता, मिडिया प्रभारी आनंद गुप्ता, प्रणय कुमार, दिनेश कुमार एवं अन्य उपस्थित थे।

### बिजली दर नहीं बढ़ाने के निर्णय का किया गया स्वागत

गुमला। राज्य में बिजली की दर यथावत रखे जाने के सरकार के फैसले का कांग्रेसियों ने स्वागत करते हुए सरकार के प्रति आभार जताया है। कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने कहा कि जेएसईआरसी द्वारा जेबीवीएनएल के टैरिफ वृद्धि के प्रस्ताव को खारिज करने का फैसला स्वागत योग्य है। दशहरा और दीपावली जैसे त्योहारों के दौरान राज्य सरकार का बिजली में रियात राज्यवासियों के लिए तोहफा जैसा है। इससे लाखों उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। साथ ही उपभोक्ताओं को मीटर रेंट भी नहीं देना होगा। निर्णय का स्वागत करने वालों में दीपनारायण उरांव, राजनील तिग्गा, मुरली मनोहर प्रसाद, अकील रहमान, रोहित उरांव, अमर प्रदीप कुजूर, हेमावती लकड़ा, हिमेश कुमार है।

### लायंस क्लब के सदस्यों ने महात्मा गांधी की जयंती पर दी श्रद्धांजलि



गुमला। गांधी जयन्ती के अवसर पर लायन्स क्लब गुमला के द्वारा गांधी स्मारक पार्क स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके विचारों को जीवन में आत्मसात करने की प्रतिज्ञा ली। वहीं स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत स्टेडियम परिसर स्थित परमवीर अलबर्ट एक्का की प्रतिमा के समीप सफाई अभियान चलाया गया। वहीं सदस्यों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर लायन्स क्लब के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, सचिव अशोक कुमार जयसवाल, चेयरपर्सन महेश गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष शंकर लाल जाजोदिया, मुरली मनोहर प्रसाद, बनवारी लाल अग्रवाल, मनमोहन केशरी, योगेन्द्र प्रसाद साहु, पवन अग्रवाल, शिव कुमार लाल, संजय अग्रवाल, अरुण केशरी शशि किरण जयसवाल, रीता गुप्ता, सत्यभामा अग्रवाल, किरण केशरी, सरस्वती गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### पालकोट प्रखंड में नेहरू युवा केंद्र ने चलाया स्वच्छता अभियान

गुमला। नेहरु युवा केंद्र गुमला के द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर पालकोट प्रखंड के देवगांव एवं अम्बेरडीह गांव में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें बतौर अतिथि भाजपा नेता मंगल सिंह भोगता, पालकोट भाजपा मंडल के अध्यक्ष प्रकाश नारायण सिंह, पूर्व सांसद प्रतिनिधि सूरज देव सिंह एवं दरोगा साहू, आशीष साहू, मुकेश साहू, महेश सिंह, किशन उरांव, सूरज वर्मा आदि शामिल हुए। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के आह्वान पर पूरे देश में चलाया जा रहा है। मौके पर मंगल सिंह भोगता ने कहा कि स्वच्छता को अपनी आदत में शुमार कर हम पर्यावरण को स्वच्छ व सुंदर बना सकते हैं।

### दुर्गा पूजा को लेकर चैनपुर में प्रशासन ने किया साफ सफाई का निरीक्षण



चैनपुर। अगामी दुर्गा पूजा को लेकर चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के बस स्टैंड, अल्बर्ट एक्का चौक, सोहन चौक, एमएलए रोड, पीपल चौक सहित विभिन्न जगह प्रखंड विकास पदाधिकारी, थाना प्रभारी एव चैनपुर मुखिया शोभा देवी ने भ्रमण कर साफ सफाई को लेकर नाली एवं सड़क का निरीक्षण किया। वहीं विभिन्न जगहों पर नाली में मिट्टी डाल दिया गया था। मिट्टी डालने से नाले का पानी बाहर बह रहा है। जिसको देख प्रखंड विकास पदाधिकारी व थाना प्रभारी के द्वारा फटकार लगाकर बोला गया की दुर्गा पूजा से पहले नाली को जल्द से जल्द सफाई कराया जाए। वही एमएलए रोड में गंदे पानी का बहाव हो रही थी। उसे तुरन्त बंद करने तथा उसे रोड में नहीं बहाने की बात कही वही अधिकारियों ने कहा कि रोड में घर या नाले का पानी न बहाए अन्यथा कारवाई की जाएगी।

## विकास भारती बिशुनपुर ने मैराथन दौड़ का किया आयोजन

**पदमश्री अशोक भगत, बीडीओ, सीओ ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

बालक वर्ग में सोमनाथ लकड़ा व बालिका वर्ग में फुलकुमारी रही प्रथम

खबर मंत्र संवाददाता



मैराथन दौड़ का शुभारंभ करते पद्मश्री अशोक भगत व अन्य।

**घाघरा।** महात्मा गांधी की जयंती पर विकास भारती बिशनपुर द्वारा घाघरा से चिंगरी विशुनपुर तक 28 किलो मीटर मैराथन दौड़ का आयोजन बुधवार को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पद्म श्री अशोक भगत, बीडीओ दिनेश कुमार, आशीष कुमार मंडल, शामिल हुए। मैराथन दौड़ में बालक और बालिका वर्ग के हजारों बच्चे शामिल हुए। मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाकर घाघरा मीडिल स्कूल से अतिथियों ने रवाना किया गया। मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विकास भारती के सचिव सह पद्म श्री अशोक भगत ने कहा कि गांधी जयंती के अवसर पर युवा महोत्सव कार्यक्रम के निमित घाघरा से चिंगरी बिशुनपुर तक दौड़ लगभग 40 वर्षों से अनवरत हो रहा है। दौड़ से बच्चों का मानसिक शारीरिक विकास होता है। आप बच्चे बेहतर कर देश की सेवा में अपना अमूल्य योगदान दे। मैराथन दौड़ के बालिका वर्ग में फूलकुमारी प्रथम, चन्द्रमुनी उरांव द्वितीय, आरती तृतीय, मोनिका चतुर्थ, प्रीति पंचम, नीमा कुमारी षष्ठ, रबीना कुमारी सप्तम, सबिता अष्टम, लक्ष्मी उरांव नवम व रेशमा किंडो दशम स्थान पर रही। बालक वर्ग में सोमनाथ लकड़ा प्रथम, निशांत करकेट्टा द्वितीय, बुधेश्वर उरांव तृतीय, अभिनय उरांव चतुर्थ, सुशील उरांव पंचम, रितेश उरांव षष्ठ, करमचंद उरांव सप्तम, मुकेश उरांव अष्टम, सुदर्शन उरांव नवम फुलदास उरांव दशम स्थान पर रहे। इसके पूर्व अतिथियों द्वारा महात्मा गांधी, स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर भिखारी भगत, महेंद्र भगत, अशोक उरांव, तेंबू उरांव, किशोर जयसवाल, आशीष कुमार सोनी, अनिरुद्ध चौबे, श्याम किशोर पाठक, अरुंजय सिंह, बिपिन बिहारी सिंह, अजातशत्रु, अमित सिंह, कौशल सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

## एमबी डीएवी विद्यालय के छात्रों ने 'स्वच्छता ही सेवा-2024' प्रतियोगिता में मारी बाजी

खबर मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा।** एमबी डीएवी विद्यालय के विद्यार्थियों ने अवंतिका नगर भवन में आयोजित प्रतियोगिता शीर्षक 'स्वच्छता ही सेवा-2024' में प्रथम स्थान अर्जित किया। जिसमें मुख्य अतिथि डीसी वाघमारे प्रसाद कृष्णा बने। इनके अतिरिक्त डीडीसी, जिला सामाजिक कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी तथा जिले के अन्य उपस्थित थे। प्रतियोगिता में लगभग 12 विद्यालयों के विद्यार्थी सम्मिलित हुए। जिसमें एमबी डीएवी विद्यालय के प्रतियोगी विद्याथीर्यों ने प्रथम स्थान अर्जित किया। प्रतियोगिता में सिद्धार्थ अग्रवाल, किंजल सिंह, शैली साहू, गौरव राज, सत्यम केसरी, अदिति केसरी, वैभव गुप्ता, अर्पण तिर्की, अनुराग, चंचल व आस्था कुमारी ने अभिनय किया। विद्यार्थियों की प्रतियोगिता हेतु तैयारी शिक्षिका आरती कुमारी, शितेश कुमार पाठक ने किया। विद्यार्थियों की सफलता पर प्राचार्य जी पी झा के साथ-साथ सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए नाटक के मूल भाव स्वच्छता ही सेवा को सदैव अपने आचरण में अपनाने हेतु प्रेरित किया।

## पति ने पत्नी का दुपट्टा से गलाघोंटकर की हत्या, शव को शौचालय की टंकी में डाला

>> मृतका के पिता ने थाने में दर्ज करायी प्राथमिकी, पूछताछ में पति ने पुलिस के समक्ष खोला राज

>> पति ने पत्नी पर दूसरे युवक से प्रेम प्रसंग चलने का लगाया आरोप

खबर मंत्र संवाददाता





मृतका का फाइल फोटो। शव निकालने के दौरान लगी भीड़।

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के टोटाम्बी जतरा टोली गांव में शराबी पति भैराम उरांव ने अपने ही पत्नी 32 वर्षीय आरती देवी की हत्या दुपट्टे से गला घोटकर कर दिया और बीते गुरुवार की शाम उसके शव को शौचालय के टंकी में डाल दिया। हत्या के बाद हत्यारा पति भैया राम ने पूरे इलाके में लोगों को गुमराह करने के उद्देश्य से गलत जानकारी देते हुए कहा कि उसकी पत्नी से कहा सुनी हो गई थी। जिसके बाद उसकी पत्नी घर से भाग गई है, जो घर नहीं आ रही है। मृतक आरती अपने पति के शराब पीने को लेकर काफी नाराज चल रही थी। कई बार पति पत्नी के बीच झगड़ा भी होता था। लगभग एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी जब आरती का कोई सुराग नहीं मिला तो आरती के पिता जगन्नाथ बडाईक ने घाघरा थाना में मामले का लिखित शिकायत करते हुए प्राथमिक दर्ज कराया। पुलिसिया जांच में जब भैया राम को सख्ती से थाना में बुलाकर पूछताछ किया गया तो उसने पत्नी का हत्या किए जाने की बात कबूल कर लिया और शव को शैचालय की टंकी में डालने की बात को भी स्वीकार कर लिया। घटना की पुष्टि जैसे ही हुई थाना प्रभारी तरुण कुमार के द्वारा न्यायालय को घटना की सूचना दिया। जिसके बाद न्यायालय से दंडाधिकारी के रूप में सीओ आशीष कुमार मंडल को नियुक्त किया गया। दंडाधिकारी के उपस्थिति में वीडियोग्राफी के साथ शव को टंकी से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया गया है।

## शहर के लोगों को भी स्वच्छता के प्रति होना होगा जागरूक : डीसी

खबर मंत्र संवाददाता





**लोहरदगा।** जिला जल एवं स्वच्छता समिति की और से स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का समापन-सह-सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन नगर भवन में किया गया। साथ ही अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस का भी शुभारंभ किया गया। दोनों कार्यक्रमों का उद्घाटन उपयुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्णा, पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां व जिला के अन्य पदाधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त ने कहा कि 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान अंतर्गत जिला में लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक व संवेदनशील बनाने के लिए साइकिल रैली, मैराथन दौड़ समेत कई अन्य कार्यक्रम किए गए। विशेष कर पेयजल एवं स्वच्छता समिति की पदाधिकारियों द्वारा इसमें बेहतर प्रयास किए गए। इसके जरिए लोहरदगा जिला में स्वच्छता की ओर एक मजबूत कदम बढ़ाया है और मुझे पूर्ण भरोसा है की यह संकल्प आगे भी जारी रहेगा। उपायुक्त ने कहा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने स्वच्छता के लिए कई कार्य किये। उन्होंने अपने आंदोलन के जरिए समाज सुधार के कई कार्य किये। स्वच्छता से हमारा पुराना नाता है। गांव-गांव में लोग स्वच्छता के प्रति जागरूक हैं। शहर के लोगों को भी जागरूक होना होगा। स्वच्छता के प्रति आज बच्चे बहुत सजग हैं। पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां ने कहा कि आज दो महापुरुषों का जन्म दिवस है। दोनों ने देश के लिए अपने प्राणों की आहूति दी और शांति का रास्ता दिखाया, वह अकल्पनीय है। हमें उनके बताए रास्ते पर चलना चाहिए और उनका संस्मरण करना चाहिए। डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा स्वच्छता ही सेवा अभियान जिला में बीते दिनों से चलाया जा रहा था।

इसमें कई कार्यक्रम हुए। लोगों ने इन कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी लोगों के प्रयास से स्वच्छता ही सेवा अभियान सफल रहा।

## गुमला : जेल अदालत में दो बंदी रिहा

मंडल कारा गुमला में जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

खबर मंत्र संवाददाता



**गुमला।** गांधी जयंती के उपलक्ष्य में मंडल कारा गुमला में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा जेल अदालत सह विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जेल अदालत में मंडल कारा में बंद दो बंदियो को रिहा किया गया। कार्यक्रम के दौरान एसीजेएम सह प्रभारी सचिव डालसा गुमला श्री पार्थ सारथी घोष ने बंदियों को महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री के विचारों तथा जीवन से अवगत कराया। वहीं बंदियों को अपने देश के प्रति गौरव और संविधान के प्रति आदर की भावना रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बंदियों से गांधी जी के सत्य और अहिंसा के विचारों का पालन करने के लिए भी कहा। बंदियों को जागरूक करते हुए सचिव ने कहा कि पैसे के अभाव से कोई भी बंदी अधिवक्ता के लाभ से वंचित न हो चुकि आज डालसा लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ताओं के माध्यम से उचित कानूनी सहायता निशुल्क बंदियों को पहुंचा रही हैं। डी एन ओहदार ने बंदियों के अधिकार और उनको कानून संबंधी जानकारियां प्रदान किया।

कार्यक्रम में जेल अधीक्षक, बुन्देश्वर गोप, जितेंद्र कुमार सिंह, इंदु पांडे डालसा कर्मचारी प्रकाश कुमार एवं जेल के अन्य कर्मचारी गण उपस्थित थे।

## बापू व शास्त्री जी की जयंती पर डीएवी ने मिनी मैराथन का किया आयोजन

खबर मंत्र संवाददाता



**गुमला।** डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के द्वारा बुधवार को शास्त्री जी एवं गांधी जी की जयंती पर रन फॉर डीएवी नामक मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ रमाकान्त साहु ने कहा कि विश्व शांति, सदभावना, सेवा और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह दौड़ आयोजित की गई। शिक्षक शांतनु पटनायक, अभिजीत झा, दुर्गेश पाठक, करमवीर, आलोक सिंह ने दौड़ में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कैडेट ताशा झा, जय कुमार, शौर्य प्रसाद, शिव गुप्ता, रोहन गोप, नूपुर, काव्या सिंह, आदित्य गुप्ता, लक्ष्मी, खुशी उरांव, तनीषा एक्का, सृष्टि उरांव, तनिष्का उरांव, संजनी, सचिन गोप, आदित्य राज, अनिमेष, रत्नेश, ऋतु, सौम्या, अंशु, अर्पणा, चाहत, समृद्धि, अभय, प्रीतम, एंजेलीना मिंज, शौर्य केशरी, सुधांशु, दिव्यांशु राज केशरी, आर्यन साहू, ईशा श्रीवास्तव, पलक सिंह, दिव्यांश रुद्र, अभिज्ञान प्रकाश, समीक्षा, अभिजीत, अनुज, अपेक्षा, विक्की यादव ने दौड़ पूरा किया। इस अवसर पर परमवीर अलबर्ट एक्का स्टेडियम स्थित परमवीर अलबर्ट एक्का के स्टेचू की भी साफ सफाई की गई।

### राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर जिले के अधिकारियो ने किया माल्यार्पण



लोहरदगा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को अपर बाजार स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर जिला के उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आईटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, सामान्य शाखा प्रभारी अभिनीत सूरज, उत्पाद अधीक्षक, नगर प्रशासक समेत जिला के अन्य पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर राष्ट्रपिता के विचारों को याद किया गया।

### अनिल भगत ने स्व लालू टाना भगत को दी श्रद्धांजलि




कुडू। गांधी जयंती के अवसर पर पूर्व विधायक स्व कमल किशोर भगत के छोटे भाई झारखंड पीपुल्स पार्टी के लोहरदगा विधानसभा उम्मीदवार अनिल कुमार भगत ने जींगी गांव स्थित स्वतंत्रता सेनानी स्व लालू टाना भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम जिंगी स्तिथ स्व लालू टाना भगत के आवास पर टाना भगतो के द्वारा अपने नियम एवं विधि विधान से पूजा कर किया गया। टाना भगातो के रूप में आज भी यहां गांधी जी के सच्चे अनुयायी दिखे। मन, वचन और कर्म से गांधीवादी जीवन जीनेवाले 'टाना भगत' समुदाय के लोग गांधी और तिरंगा को सिर्फ दिखावे के लिए नहीं, भगवान की तरह हर दिन पूजते हैं। अलग पहचान है टाना भगतों की विशुद्ध खादी वस्त्र धारण करना, स्वयं सूत कातना, गांधी टोपी पहनना और अपने साथ घंटी रखना इनकी विशिष्ट पहचान है। कार्यक्रम में आजसू नेत्री नीरू शांति भगत, प्रदेश प्रवक्ता देवशरण भगत, लाल गुड्डू नाथ शाहदेव, ओम भारती, कलीम खान समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### गुमला : आजसू ने बापू को किया याद

गुमला। आजसू पार्टी के पदाधिकारियों ने जयंती पर महात्मा गाँधी के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। अध्यक्ष दिलीप नाथ साहु ने कहा की महात्मा गांधी के त्याग और बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता। गाँधी जी ने स्कूली शिक्षा के वकालत की पढ़ाई करने के लिये लंदन चले गए। लंदन से बैरिस्टर की डिग्री हासिल कर उन्होंने बड़ा अफसर या वकील बनना उचित नहीं समझा, बल्कि अपना पूरा जीवन देश के नाम समर्पित कर दिया। महासचिव आनंद गुप्ता ने कहा कि अपने जीवन में उन्होंने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ कई आंदोलन किए। मौके पर अध्यक्ष दिलीप नाथ साहु, महासचिव आनंद गुप्ता, उपाध्यक्ष राहत अफजा, प्रवक्ता मिन्हाज खान एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भंडरा में 57 वर्ष पूर्व हुई थी दुगार्पूजा की शुरूआत

खबर मंत्र संवाददाता



**भंडरा।** प्रखंड में दुगार्पूजा का इतिहास 57 साल पुराना है। प्रखंड मुख्यालय बस्ती में थाना के समीप वर्ष 1967 में तत्कालीन भंडरा के थानेदार डी लाल ने स्थानीय ग्रामीण जगनिवास शर्मा, स्व गौरी नंदन शर्मा, गोवर्धन अधिकारी व बोधन महतो के सहयोग से पूजा की शुरूआत की थी। तबसे आज तक युवा लगातार पूजा का आयोजन करते आ रहे हैं। अब प्रखंड में स्थानीय लोगों के सहयोग से दिनों-दिन पूजा पंडाल की भव्यता और दुर्गा पूजा में रौनक बढ़ती ही जा रही है। वर्ष 1967 में दुर्गा पूजा की शुरूआत साधारण सी झोपड़ी नुमा पंडाल का निर्माण कर किया गया था। जो अब भव्य पंडाल और विद्युत सज्जा से सुशोभित होता है। कमेटी का निर्माण कर वर्ष 1983 से रावण दहन का कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया था। रावण दहन से पूर्व स्व गौरी नंदन शर्मा द्वारा रामलीला कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाता था। इस वर्ष भंडरा में नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिति के अलावे थाना परिसर में भी सिद्धिदायानी दुर्गा मंदिर निर्माण समिति का गठन कर भव्य रुप से दुर्गा पूजा करने की तैयारी की जा रही है। इसके तहत प्रतिमा निर्माण के साथ-साथ पंडाल का निर्माण का कार्य भी चल रहा है। इसके अलावे प्रखंड के बेदाल, भौरो, मसमानो मे पंडाल निर्माण कर पूजा की जाती है। वही प्रखंड के एक मात्र छत्तीस देवी मंदिर मे भव्य कलश यात्रा व पूजा की जाती है इसके अलावे दशहरा मे प्रखंड के अकाशी व भीठा मे नवमी मेला का आयोजन कर पशु बली की प्रथा है।

### सीएचसी घाघरा में प्रखंड कांग्रेस कमेटी सदस्यो ने दर्जनों मरीजों के बीच बांटा फल



घाघरा। गांधी जयंती के अवसर पर प्रखंड कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने सीएचसी घाघरा में दर्जनों मरीज के बीच फल का वितरण किया। इस क्रम में प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार पांडे के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने सीएचसी पहुंच केला और सेव मरीजों को बाटा। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार पांडे ने कहा कि गांधी जयंती के अवसर पर यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। ताकि मरीजो के कुशल क्षेम जाना जा सके। वहीं कांग्रेस के जिला महासचिव कृष्णा कुमार लोहरा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा इस तरह के कई कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। मौके पर जिला महासचिव कृष्णा कुमार लोहरा, युवा बिशुनपुर विधानसभा अध्यक्ष आदित्य भगत दिलबहार अंसारी, रमेश जायसवाल सहित कई कांग्रेसी शामिल थे।

## मानवता के लिए संजीवनी है स्वैच्छिक रक्तदान : एसएन चौधरी

**स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर रक्तदान के क्षेत्र में काम करनेवालें संगठनों को किया गया सम्मानित**

खबर मंत्र संवाददाता





**लोहरदगा।** सिविल सर्जन, सदर अस्पताल और लोहरदगा ब्लड सेंटर के तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर सदर अस्पताल परिसर स्थित सभागार में रक्तदान के क्षेत्र में अतुलनीय कार्य करने वाले सामाजिक संगठनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष और लोहरदगा के जाने-माने से शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ गणेश प्रसाद, सदर अस्पताल उपाध्यक्ष डा. शंभूनाथ चौधरी, ब्लड बैंक प्रभारी और चिकित्सा पदाधिकारी डॉ परिणीता होरा, सिस्टर आईलिन सहित अन्य अतिथियों ने लोगों को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया। सदर अस्पताल उपाध्यक्ष डॉ शंभूनाथ चौधरी ने कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान मानवता के लिए संजीवनी है। आज के समय में समाज को यह संदेश देने की आवश्यकता है कि रक्तदान एक ऐसा कार्य है, जो समाज में लोगों की जिंदगी बचाने का काम तो करता ही है, इसके अलावे सामाजिक सौहार्द को भी बल प्रदान करता है। हमारे द्वारा दिया गया खून किस समाज, जाति और धर्म के व्यक्ति की जिंदगी बचाएगा यह कहना मुश्किल है। कभी भी धर्म, समाज, जाति को देखकर रक्तदान नहीं किया जाता है। इसलिए इससे बढ़कर मानवता का कोई काम नहीं है। आईएमए अध्यक्ष डा. गणेश प्रसाद ने कहा कि रक्तदान को लेकर आज स्थिति में काफी बदलाव आया है। युवाओं की जागरूकता एक उत्साह का संदेश देती है। एक समय ऐसा भी था, जब रक्तदान को लेकर लोगों में जागरूकता नहीं थी, वह मुश्किल भरा दौर था। हमें सुदूरवर्ती क्षेत्रों तक जाकर लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करना होगा। डॉक्टर सिस्टर आईलिन ने कहा कि रक्तदान को लेकर आज लोहरदगा में जिस तरह का काम होता है, उसे देखकर काफी गौरवान्वित महसूस होता है। कई सालों की मेहनत, लोगों की सोच में आए बदलाव के बाद ऐसा हो पाया। आज के युवा खुद से ज्यादा दूसरों के बारे में सोचते हैं। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक और इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, साइंस फॉर सोसाइटी, शिक्षक संघ, इमरजेंसी केयर सहित कई संगठनों से जुड़े हुए अरुण राम द्वारा किया गया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन ब्लड बैंक प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विनिता होरो ने किया। कार्यक्रम की तमाम व्यवस्थाएं उमेश कुमार, विकास कुमार, सद्दाम अंसारी द्वारा की गई। कार्यक्रम में इमरजेंसी केयर, वीबीडीए, भाजपा, युवा कांग्रेस, दुतिका सावित्री हॉस्पिटल, एचडीएफसी बैंक, पुलिस लाइन, भंडरा, किस्को, लोहरदगा, सेन्हा सीएचसी, जय श्री राम समिति अमृत केयर, एचपी गैस एजेंसी, मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी, लोहरदगा नर्सिंग होम, आईएमए, राजी पड़हा प्रार्थना सभा, रेड क्रास सोसायटी, बीएड कालेज, संत उसुर्ला हास्पिटल, सीआरपीएफ 158 बटालियन, अविराम कालेज, मुस्लिम नवजवान कमेटी को सम्मानित किया गया। मौके पर विक्रम चौहान, अमित वर्मा, अजिता लकड़ा, देशराज गोयल, सजल कुमार, सुरेश ठाकुर, निखिल कुमार, निखिल बर्मन, सुनील अग्रवाल, निश्चिय वर्मा, जयंती कच्छप आदि मौजूद थे।

## महात्मा गांधी देश की आजादी की लड़ाई लड़ी और समाज सुधार के क्षेत्र में किये बेहतर कार्य: चैतु उरांव

जयंती पर कांग्रेसियों ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को दी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष चैतु उरांव के नेतृत्व में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती गुमला इंडोर स्टेडियम महात्मा गांधी पार्क में कांग्रेसियों ने मनाया। इस अवसर पर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कांग्रेसियों ने श्रद्धांजलि दी। मौके पर जिला अध्यक्ष चैतु उरांव ने कहा कि देश के महान स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक और राजनेता महात्मा गांधी का गुजरात के पोरबंदर में हुआ था। गांधी जी ने न सिर्फ देश के लिए आजादी की लड़ाई लड़ी, बल्कि समाज सुधार के कार्य भी किया। महात्मा गांधी की ताकत सत्य और अहिंसा के सिद्धांत थे। सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चलकर उन्होंने आजादी की लड़ाई में कई आंदोलन किये और अंग्रेजो को भारत छोड़ने पर मजबूर कर दिया। उनके चंपारण सत्याग्रह, असहयोग आंदोलन, दांडी सत्याग्रह, भारत छोड़ा आंदोलन ने ब्रिटिश साम्राज्य की नींव कमजोर करने में बड़ा रोल अदा किया। वहीं लाल बहादुर शास्त्री अपने समय में देश के सबसे लोकप्रिय नेताओं में से एक थे। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में महात्मा गांधी जी के नेतृत्व में भी भाग लिया था। मौके पर आशिक अंसारी, रमेश कुमार चीनी, मुरली मनोहर प्रसाद, फिरोज आलम , खालिद साह, कलाम आलम, रामनिवास प्रसाद, भैया राम उरांव, गुलाम सरवर, अमृता भगत, तरुण गोप, मुख्तार आलम, साहेब वंशीम, मो शदाब, इबरार अंसारी, पवन केवट, शाहजहां अंसारी, लालु कुल्लू, सुधीर कुजूर, संजय गोप, इकरामुल हक, इनायत खां, टाना भगत सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

